खाना खाने से पहले हाथ धोना ज़रूरी है और जो लोग छुरी कांटे का इस्तमाल करते हैं इनको चाहिए के खाने से पहले इनकी सफाई का पूरा खयाल रखें .

खाना बर्बाद करना सख्त गुनाह है पाक परवरदीगर की रहमत से इन्सान को खाना सुर्ख़ित रखने की बहुत सारी तरकीब नसीब हुई और जिन के पास ये सहूलत मोजूद नहीं इन्हें चाहिए के वो इतना ही खाना इस्तमाल करें ताके वो जाया न हो . रजक का मालक पाक परवरदीगर है और इस रजक को जाया करना या किसी को खला कर एहसान करना या किसी से खाना छीन लेना सख्त गुनाह है .

मज़मून 14

जिहाद का कानून

हर इन्सान के लिए जिहाद फर्ज़ है और जिहाद का मतलब है पाक परवरदीगर के बताये हुवे हक को दुनया में कायेम करने के लिए जद व जेहद करना और इसका साफ मकसद हे " गुनाह को रोकने की हर मुमकिन कोशिश "

सूरा अल्मयेदा 5 आयत 35
ऐ ईमानदारों ख़ुदा से डरते रहो और उसके क़रीब होने के ज़रिये की जुस्तजू में रहो और उसकी राह में जेहाद करो ताकि तुम कामयाब हो जाओ (35)
सूरा अल्ह्ज 22 आयत 78
ख़ुदा की राह में जिहाद करो उसी नें तुमको बरगुज़ीदा किया और दीन में तुम पर किसी तरह की सख़्ती नहीं की तुम्हारे बाप इबराहीम के मजह़ब को तुम्हारा मज़हब बना दिया उसी ने तुम्हारा पहले ही से मुसलमान नाम रखा और क़ुराआन में भी ताकि रसूल तुम्हारे मुक़ाबले में गवाह बने और तुम पाबन्दी से नामज़ पढ़ा करो और ज़कात देते रहो और ख़ुदा ही को मज़बूत पकड़ो वही तुम्हारा सरपरस्त है तेा क्या अच्छा सरपरस्त है और क्या अच्छा मददगार है (78)

कुरान शरीफ की सूरा अल्ह्ज की आयत 78 में कहा गिया है " के अल्लाह ने तुमहारा नाम मुस्लमान रखा अगली किताबों में और इस कुरान में " और इस हिदायत से ये भी कहा जा सकता है के " मुस्लमान " शब्द पाक परवरदीगर की भेजी हुई किसी भी किताब में नहीं सिवाए " कुरान " में और ऐसी सूरत में " मुस्लमान " शब्द के अनुसार पाक परवरदीगर की हर किताब में नेक परहेजगार और एक अल्लाह के मानने वालों को ही कहा गया है . मुसलमान शब्द किसी खास जुबान लिबास या ग्रोह के दायरे में सिमटा हुवा नहीं हे मुसलमान शब्द पूरी तरह से नेक परहेजगार ओए एक पाक परवरदीगर पर इमान रखने वाले को कहा गया है और ये शब्द वोही इस्तमाल कर सकता है जिसके अमल में ये सारी खूबियाँ मोजूद हों पाक परवरदीगर की किताबों में अलग अलग जुबान में " मुसलमान " शब्द की पहचान दी गई है लेकिन विशेष तोर पर कुरान शरीफ के इलावाह " मुसलमान " शब्द कहीं भी नही इस्तेमाल किया गया है और पाक परवरदीगर की किताबों में नेक और परहेजगार इन्सान को गुनाहगारों और समाज को नुकसान पोहचाने वाले इंसानों के खिलाफ " जिहाद " करने का हुक्म दिया गया है पाक परवरदीगर के कानून को हक मान कर समाज में इसे नाफ़िज़ करने का हुक्म फरमाया और वोही हुक्म हकुमत वालों के ज़र्य समाज में कायेम किया जाता हे ताके समाज में अमन व सकुन कायेम हो ये बात बिलकुल गलत है के "मुसलमान " शब्द किसी खास ग्रोह के लिए मखसूस है और दुनिया के किसी भी कोने के नेक और परहेजगार इन्सान जो मुहब्बत और इंसानियत को कायेम करने वाले हैं इनको मुसलमान का ख़िताब दिया जा सकता हो और अरबी जुबान के अनुसार नेक परहेजगार और इमान वाले इंसानों को ही मुसलमान का ख़िताब दिया गया है .

सूरा बकरा 2 आयत 216

तुम पर जंग फर्ज़ किया गया अगरचे तुम पर शाक़ ज़रुर है और अजब नहीं कि तुम किसी चीज़ को नापसन्द करो हालाकि वह तुम्हारे हक़ में बेहतर हो और अजब नहीं कि तुम किसी चीज़ को पसन्द करो हालाकि वह तुम्हारे हक़ में बुरी हो और ख़ुदा जानता ही है मगर तुम नही जानते हो (216)

इन्सान के सामने इस बात का साफ होना ज़रूरी है के कोन सा रास्ता पाक परवरदीगर का है ? पाक परवरदीगर ने कुरान शरीफ में हर रसूल और इनकी किताब की मंजूरी दी (सूरा बकरा आयत 136 और सूरा इमरान आयत 84) और अल्लह ने यहाँ तक फरमाया के जो लोग पाक परवरदीगर के भेजे हुवे रसूलों पर इमांन नहीं लाते (सूरा निसा आयत150 /151 /152) वोही ठीक ठीक काफ़िर हैं तो इस लिहाज़ से किसी भी खास उमति या किसी खास रसूल के मानने वालों के खिलाफ लड़ाई करना या इन्हें कत्ल करना या बला वजह इनका नुकसान करना कभी भी जिहाद नही हो सकता पाक परवरदीगर ने कुरान शरीफ और दूसरी किताबों में सिर्फ चंद रसूलों का जिक्र और अनके तजुर्बात का जिक्र फ़रमाया और ये इसलिए के इंसानों को इस से सबक हासिल हो पाक परवरदीगर ने कुरान में जिन रसूलों का जकर फरमाया इस पर और जिन का जकर नही फरमाया उन पर और इनके बुलाये हुवे पाक परवरदीगर के मुख्तलिफ नामों पर इमान लाने का हुक्म फरमाया ताके इंसानों के दरमियान जो मज़हबी ख़यालात के इख्लाफात मोजूद हे वोह मिट जाएँ और इस लिए कुरान शरीफ को इंसानों के दरमियाँन फेसला और तमाम मुखलूक के लिए रहमत कहा गिया है .

सूरा मायेदा 5 आयत 32 33

इसी सबब से तो हमने बनी इसराईल पर वाजिब कर दिया था कि जो श्शख़्स किसी को न जान के बदले में और न मुल्क में फ़साद फैलाने की सज़ा में क़त्ल कर डालेगा तो गोया उसने सब लोगों को क़त्ल कर डाला और जिसने एक आदमी को जिला दिया तो गोया उसने सब लोगों को जिला लिया और उन के पास तो हमारे पैग़म्बर रौशन मौजिज़े लेकर आ चुके हैं फिर उसके बाद भी यक़ीनन उसमें से बहुतेरे ज़मीन पर ज़्यादतिया करते रहे (32)

जो लोग ख़ुदा और उसके रसूल से लड़ते भिड़ते हैं और फ़साद फैलाने की ग़रज़ से मुल्को दौड़ते फिरते हैं उनकी सज़ा बस यही है कि या तो मार डाले जाए या उन्हें सूली दे दी जाए या उनके एक तरफ़ का हाथ दूसरी तरफ़ का पॉव काट डाले जाए या उन्हें सरज़मीन से शहर बदर कर दिया जाए यह रूसवाई तो उनकी दुनिया में हुयी और फिर आख़ेरत में तो उनके लिए बहुत बड़ा अज़ाब ही है (33)

इन आयातों से साफ ज़ाहिर होता हे के रसूलों के नाम पर या इनके मानने वालों के साथ फसाद करना या जिहाद के नाम पर बेगुनाहों को कत्ल करना सख्त से सख्त गुनाह है और इसकी सज़ा हे के इनके एक तरफ के हाथ और दूसरी तरफ के पैर काटे जाएँ या इन्हें कत्ल कर दिया जाये (कुरान के अनुसार)

जिहाद सिर्फ पाक परवरदीगर के कानून तोड़ने वालों के खिलाफ ही जाएज़ है और ये कानून साफ तोर पर मोहब्बत नेकी परहेज़गारी इंसानियत और अमन व सुकून बिगड़ने वालों के खिलाफ लागु किया जाये इन्सान को अपने ज़ाती गंदे न्फ्सियती ख्यालात को काबू में रखना भी जिहाद है इसलिए पाक परवरदीगर के इस कानून को पूरी तरह से अपनाकर और असे अपने आप से शुरू करते हुवे समाज और सारी दुनिया में लागु करने की कोशिश (जद इ जहद) करें

कुरान शरीफ के अनुसार दुनिया को सिर्फ दो ही ग्रोह में बाटे जा सकता है एक अच्छा और दूसरा बुरा और इस्ल्ये सूरा बकरा की आयत 216 में पाक परवरदीगर ने हक की पहचान का हुक्म फरमाया और इंसानों को सोचने समझने की सलाहियत अता फरमा कर इन्सान के समाने दो राहे मुकर्र कर दी और जिहाद सिर्फ और सिर्फ बुराई के खिलाफ ही जाएज़ है .

सूरा अल्ब्ल्द 90 आयत 10

और हम ने इसे दो रास्ते देखाए (10)

मज़मून 15

साइंस और मज़हब

पाक परवरदीगर की किताबों की तरह सयेंस भी अल्लाह की कुदरत है और इंसानों ने अपनी सालों की मेहनत मुश्क्त तहकीकात और पाक परवरदीगर की मरजी से सयेंसी मालूमात हासिल की और बला वास्ता तोर पर हम यह कह सकते हैं के पाक परवरदीगर हम इंसानों को अहिस्ता अहिस्ता सच्चाई की तलाश में कामयाबी अता फरमा रहे हैं ताके इन्सान को हकीक़त की जानकारी मले और पाक परवरदीगर की दी हुई हर सहूलत और नेमत का फायेदा और लुत्फ़ उठा सके और इसे अपनी सहूलत के लिए इस्तामाल करे पाक परवरदीगर की रहमत और साएन्सदानों की कड़ी मेहनत का नतीजो इंसानों के सामने है .

पाक परवरदीगर सदियों से इंसानों को हर कसम की असयेश के साजो सामान मोहिया करवाते अरेहे हैं मज़हबी किताबों का हर पहलु हक के बगेर अधुरा हैं और जो इन्सान किताबों की हकानिय्त को इंकार करते हैं और तरह तरह की बातें और कहानियों के ज़र्य किताबों के रुतबा को तोलने की कोशिश करते हैं वोह बे बुनियाद गेर अकली और पूरी तरह कुसंस्कार में शुमार है और साएन्स भी हक की तलाश और

साबुत के बगेर अधूरी है में ने भी इसी तरह हक को तलाश करते हुवे मज़हबी किताबों की कुछ बातों को जिनकी गहराई साएन्स की हकीकत को तस्लीम करती है असे बियान करना ज़रूरी समझता हूँ .

सूरा बकरा 2 आयत 29
वही तो वह है जिसने ज़मीन की कुल चीज़ों को पैदा किया फिर आसमान की तरफ़ मुतावज्जेह हुआ तो सात आसमान हमवार बना दिए और वह हर चीज़ से वाक़िफ है (29)

नीचे ज़मीन से असमान की खली जगह तक पाक परवरदीगर ने मुख्तलिफ कसम की गेसों के ज़र्य इन्सानों को तरह तरह से सहूलत और सुरखषा अता फरमाई और साएन्सदानों ने इसे 5 हिस्सों में तकसीम किया है

) एक से 10 kilometer तक Tropo sphere

(2) 32 से 80 Kilometer तक Strato Sphere

80 से 640 kilometer तक Ozone Sphere

640 से 1000 KILO METER तक Ionos Sphere

1000 से जियादा KILOMETER तक Exosphere

इन 5 फिज़ाई हिस्सों को इनकी अलामत की बुनयाद पर और भी दो हिस्सों में तकसीम कर सकते हैं जहाँ पर ज़मीन की कशिश खत्म होती है वहां पर हरारत का अमली तुगयेर हे और इसके जरिया दुमदार सितारे दुनिया से दुरी का फासला बरकरार रखते हैं और इस हरारत के अनुसार फ़िज़ा तेहती को तोलने से सात असमान मिलेंगे इसलए इस हिसाब से सात किसम की तेहों का जिक्र कुरान शरीफ में फरमाया गया है और हर तह के ज़र्य मुख्तलिफ तरीकों से दुनिया की हिफाजत फरमाई .

सूरा अल्कह्फ़ 18 आयत 17

कि जब सूरज निकलता है तो देखेगा कि वह उनके ग़ार से दाहिनी तरफ झुक कर निकलता है और जब ग़ुरुब होता है तो उनसे बायीं तरफ कतरा जाता है और वह लोग ग़ार के अन्दर एक वसीइ जगह में हैं ये ख़ुदा की निशानियों में से है जिसको हिदायत करे वही हिदायत याफ्ता है और जिस को गुमराह करे तो फिर उसका कोई रहनुमा हरगिज़ न पाओगे (17)

कुरान शरीफ की इस आयत पर गोर करें दुनिया की शक्ल जो थोड़ी सी अंडे की तरह है और वोह अपने मदार पर सूरज के गर्द घूम रही है और अपने महवर पर भी घूम रही है और यही है दिन और रात की बुनियाद दुनिया की बनावट अंडे जेसी होने की वजह से सूरज के डूबने और निकलते वक्त सूरज के मुकाम का हेर फेर होता है और इस आयत में गार को मदार के तोर पर पेश किआ हे और कुशदाह जगह का मतलब " Solar System " यानि सूरज और स्यारों के बिच की खाली जगह और इस खली जगह की बदोलत सूरज में पैदा होने वाले "Atomic Reaction" की आवाज़ दुनया तक नहीं पोंचती कियूनके आवाज़ को चलने के लिए किसी ज़र्य की ज़रूरत होती है

सूरज और दुनिया के दरमियान खाली जगह में कोई भी ज़र्य आवाज़ को नहीं मिलता और रौशनी को चलने के लिए किसी ज़र्य की ज़रूरत नही होती इसलिए सूरज में लगातार " Atomic Expolotion " की रौशनी तो दुनिया तक पुहोंचती हे लेकिन आवाज़ नही और यही पाक परवरदीगर की कुदरत है के दुनिया की सुरख्षा के लिए सूरज और स्यारों के दरमियान खाली जगह मुकर्रर रखी .

सूरा अंबिया 21 आयत 33
और वही वह है जिसने रात और दिन और आफ़ताब और माहताब को पैदा किया कि सब के सब एक आसमान में पैर कर चक्कर लगा रहे हैं (33)

सारे स्यारे अपने अपने मदार पर निज़ाम शम्सी के अनुसार सूरज के गर्द घूम रहे हैं और चाँद अपने मदार पर दुनिया के साथ शामिल हे और कोई भी एक दुसरे के साथ नही टकराता यही कुदरती रद व अम्ल की सिलसला बर्हामंड की शुरुआत से चलता अरहा है और यही कुदरत पाक परवरदीगर की बनाई हुई बे मिसाल निशानियों में से है .

इस आयत के अनुसार जिस घेरे का जक्र किया जा रहा है सयेन्सी जुबान में इसे " ऑर्बिट " यानि मदार कहते है और हर सियारा अपने अपने मदार में रह कर सूरज के गर्द घूम रहे हैं और दुनिया भी अपने आप पर घूमते हुवे और अपने मदार के तहत सूरज के गर्द घूम रही है यानि रात और दिन की वजह हे दुनिया के अपने अप पर घूमना यानि दुनिया का जो हिस्सा सूरज के सामने होता हे वहां दिन होता है और जो हिस्सा सामने नहीं होता वहां अँधेरा यानि रात होती है और इस तरह गर्दिश में रहते हुवे दुनिया एक साल में सूरज का पूरा चक्र लगाती है जिसकी वजह से दुनिया में तरह तरह के मोसम का लुत्फ़ इन्सान उठता है . सवाल ये हे के वोह कोण सी ताकत हे जो भारी भरकम दुनिया को या सारे स्यारों को इसतरह से मुकरर कर रखा है और कोयूं ? सूरज के खानदान में अभी तक सिर्फ दुनिया में ही जानदारों का वजूद इंसानी तहकीकात के दायरे में आया है और जानदारों में सब से उम्दाह जानदार है इन्सान और इस इंसानी नाम की मखलूक को मुखतलिफ रंग व रूप से सजाने के लिए पाक परवरदीगर ने सारी कुदरत को इस्तमाल किया ताके इंसानी ज़िन्दगी वीरान और फीकी न हो . दुनया के साथ चाँद को मुक़र्र कर के दुनिया के तवाजन को बरकरार किया गया और ये इस्ल्ये के दुनिया की बनावट पूरी तरह से गोल नही है .

सूरा अंबिया 21 आयत 44

बल्कि हम ही से उनको और उनके बुज़ुर्गों को आराम व चैन रहा यहाँ तक कि उनकी उमरें बढ़ गई तो फिर क्या ये लोग नहीं देखते कि हम रूए ज़मीन को चारों तरफ से क़ब्ज़ा करते और उसको फतेह करते चले आते हैं तो क्या ग़ालिब और वर हैं (44)

आलूदगी की वजह से नार्थ पोल और साउथ पोल की बर्फ अहिस्ते अहिस्ते पिघल रही है और सुमंद्र का पानी बढ़ रहा है जिसके नतीजा में जमीन के किनारे घट रहे हैं और ओजोन लेयर के फटने की वजह से दुनिया की हरारत में बढ़ोतरी हो रही है और यही वजह हे नार्थ पोल और साउथ पोल की बर्फ पिघलने की और इस आयत के अनुसार पाक परवरदीगर दुनिया के किनारे घटाते आरहे हैं.

सूरा इनाम 6 आयत 96 97
गुठली और दाने को चीर है वही मुर्दे में से ज़िन्दे को निकालता है और वही ज़िन्दा से मुर्दे को निकालने वाला है वही तुम्हारा ख़ुदा है फिर तुम किधर बहके जा रहे हो (96)
उसी के लिए सुबह की पौ फटी और उसी ने आराम के लिए रात और हिसाब के लिए सूरज और चाँद बनाए ये ख़ुदाए ग़ालिब व दाना के मुक़र्रर किए हुए किरदा हैं (97)

चाँद सूरज सितारे और स्यारे किसी न किसी तरिके से इन्सान की मदद करते हैं और इन स्यारों के जरिया इंसानों को राह निशान नसीब हुवा तमाम मखलूक रात को आराम करती है सिवाए कुछ मखलूक के और दिन में जागती है ऐसे भी कुछ मुख्लूक हे जो रात को जागती है लेकिन इनकी तादाद कम है रात में असमान की खूबसूरती इंसानी नज़रों को लुभाती है चाँद सितारों से आरास्ता किया गया असमान पाक परवरदीगर के वजूद का यकीन दिलाती है

इस आयत में पाक परवरदीगर ने सूरज और चाँद को हिसाब से रखने की बात की है और दुनिया की शक्ल गोल न होने की वजह से चाँद को बग़ल में मुकर्र किया और सूरज को इस हिसाब से रखा के इसकी तपश से दुनिया को फायेदा पोहचे दुनिया सूरज से न जियादा दूर और न जियादा करीब .

इस सिलसले की कुछ आयतें जो पाक परवरदीगर के वजूद को समझने के लिए हैं .

सूरा अल्नाह्ल 16 आयत 21
उसी ने तुम्हारे वास्ते रात को और दिन को और सूरज और चाँद को तुम्हारा ताबेए बना दिया है और सितारे भी उसी के हुक्म से फरमाबरदार हैं कुछ शक ही नहीं कि समझदार लोगों के वास्ते यक़ीनन बहुत सी निशानियाँ हैं (21)

सूरा यासीन 36 आयत 37 38 39 40
और मेरी क़ुदरत की एक निशानी रात है जिससे हम दिन को खींच कर निकाल लेते हैं तो उस वक़्त ये लोग अँधेरे में रह जाते हैं (37)
और आफताब है जो अपने एक ठिकाने पर चल रहा है ये ग़ालिब वाक़िफ का अन्दाज़ा है (38)
और हमने चाँद के लिए मंज़िलें मुक़र्रर कर दीं हैं यहाँ तक कि हिर फिर के खजूर की पुरानी टहनी का सा हो जाता है (39)
न तो आफताब ही से ये बन पड़ता है कि वह माहताब को जा ले और न रात ही दिन से आगे बढ़ सकती है हर एक अपने-अपने आसमान में चक्कर लगा रहें हैं (40)

दुनिया की शक्ल कुर्दी हे यानी बेज्वी और सयेंस्दानों ने असे साबित कर दिया है और इनकी तहकीकात के अनुसार अलग अलग तुल का पता चलता हैं जेसे के दुनिया का अस्तावानी घेरा 24897 मील और पोलर घेरा इस से 83 मील कम है और इसका स्त्वाई कतर 7926 मील है और इसका पोलार घेरा इस से 26 मील कम है और इस बुनियाद पर कहा जा सकता है दुनिया पूरा तरह से गोल नही हैं और दुनिया की इस शक्ल को Geoids कहते हैं . दुनिया के अंदर के तवाजन को बरकरार रखने के लिए चाँद मुकर्र किया गया है जो अपने महवर पर दुनिया के गर्द घूम रहा है .

सुरज से दुनिया का दूरी 93000000 मील हैं और दुनिया के फिजाई अस्त्र यानि परत की वजह से सूरज की गर्मी जमीन के लिए जिनती ज़रूरत हे इतनी ही असे मिलती हैं

सूरज की बहरी हरारत 6000 centigrade हे और अन्दर की हरारत 20 million centigrade हे और अन्दर की हरारत 20 million centigrade degree हे और सूरज दुनिया से तीन लाख गुना बड़ा है पाक परवरदीगर की कुदरत से दुनिया और सूरज के दरमियान इतना ही फासला मुकर्र है के तमाम मुख्लूक सूरज की तपश से मुस्ताफीज़ (लाभानिवत) हों और कुरानी आयतों के अनुसार चाँद और सूरज किसी न किसी हिसाब से जुड़े हुवे हैं .

सूरा रहमान 55 आयत 35 37
तुम दोनो पर आग का सब्ज़ शोला और सियाह धुआँ छोड़ दिया जाएगा तो तुम दोनों रोक नहीं सकोगे (35)
फिर जब आसमान फट कर तेल की तरह लाल हो जाऐगा जेसे के सुर्ख नरी (37)

कुरान शरीफ की इन आयतों से ओजोन लेयर (ozone layer) की साफ तस्दीक होती है और आलूदगी की वजह से ओजोन लेयर की दरार के बाद किया नतीजा होने वाला है इस का इशारह भी हम लोगों को मिलता है इस आलूदगी की वजह हे chlorofloro carbons और freons 12 केमिकल का जियादा इस्तमाल येह केमीकल ठंडा करने वाली मशीन और आएरो क्राफ्ट इंडस्ट्रीज (Aircrafts) में ज़ियदा इस्तमाल होता है

ओजोन लेयर ज़मीन से 20 किलो मीटर से लेकर 250 किलो मीटर की ऊँचाई तक फेला हुवा एक अस्तर हे जो कम्बल की तरह दुनिया को सूरज से निकली हुई " Ultra Violet Rays " वाली तेज़ रौशनी को ज़मीन तक पोहंचने नही देती और दुनिया के अन्दर की गेस की मिकदार को बरकरार रखती है .

कुरान शरीफ की इस आयत में कयामत के वक्त असमान के फटने का जकर ओजोन लेयर में दरार की तरफ इशारा है और ओजोन लेयर के दरार के बाद सूरज से निकली हुई तेज़ रौशनी जमीन पर पोहंच कर सारी चीजों को जला कर राख कर देगी यहाँ तक के चीजें जलने के बाद जो धुवां निकलता है इस को भी जला देगी और बे धुवां की कलि आग नजर आयेगी और गेस के जलने की वजह से असमान का रंग सुर्ख गुलाब की तरह हो जायेगा सयेंसदानों ने भी इसे साबित कर दिया हे के दुनिया की अनदुरोनी आलूदगी की वजह से ओजोन लेयर अहिस्ता अहिस्ता फट रहा है और दुनिया की हरारत धेरे धेरे बढ़ रही है .

सूरा कमर 54 आयत 1
क़यामत क़रीब आ गयी और चाँद दो टुकड़े हो गया (1)

सूरा कयामत 75 आयत 9

और सूरज और चाँद इकट्ठा कर दिए जाएँगे (9)

ओजोन लेयर की दरार की वजह से कयामत के वक्त दुनिया की हरारत इस हद तक बढ़ जाएगी के इसका असर चाँद पर भी पड़ेगा और रद व अम्ल की वजह से चाँद टुकड़ों में बट जायेगा .

काबिले ग़ोर (चिंतन करना) ! इस आयत में क़यामत का ज़िक्र फरमा कर पाक परवरदीगर ने कयामत के वक्त चाँद की हालत की निशंदाही की हे और इस आयत के साथ जो कहानी जुडी हुई है ओस्वक्त कयामत करीब नही थी और मिजुदा चाँद के शक होने का कोई सबूत भी नही मिलता आज इन्सान के कदम चाँद पर पोहंच गये हैं और इंसानों का तह्कीकी इल्म ये साबित करता है के इस आयत के साथ जुडी हुई कहानी गेर अकली और गेर साबित शुदा है .

सूरा नूह 71 आयत 14 15 16 17 18
हालाँकि उसी ने तुमको तरह तरह से पैदा किया (14)
क्या तुमने ग़ौर नहीं किया कि ख़ुदा ने सात आसमान ऊपर तलें क्यों कर बनाए (15)
और उसी ने उसमें चाँद को नूर बनाया और सूरज को रौशन चिराग़ बना दिया (16)
और ख़ुदा ही तुमको ज़मीन से पैदा किया (17)
फिर तुमको उसी में दोबारा ले जाएगा और निकाल कर खड़ा करेगा (18)

सूरा ताहा 20 आयत 55

हमने इसी ज़मीन से तुम को पैदा किया और इसमें लौटा कर लाएँगे और उसी से दूसरी बार तुमको निकाल खड़ा करेंगे (55)

चाँद की अपनी कोई रौशनी नही होती वोह सूरज की रौशनी से रोशन है और कुरान शरीफ की इस आयत में सूरज को चराग कहा गिया है और इस चिराग की रौशनी से चाँद के रोशन होने की तफसील बियान की गुई है इन्सान इस दुनिया के मुरकाबत (ingrediant) से पैदा होता है जिस तरह अलग अलग कसम के पेड़ पोदे ज़मीनी जुज़ निकाल कर जेते हैं ठीक इसी तरह इन्सान भी बला वास्ता तोर पर ज़मीनी जुज़ का ही नतीजा है

जिसतरह हर ज़मीनी मुख्लूक की पेदायेश ज़मीनी अजज़ा से होती है इसी तरह मोत के बाद हर मुख्लूक ज़मीन में समा जाती है और दुनिया के जियादा से जियादा लोग मोत के बाद जिस्म को जलाते हैं या दफनाते हैं दोनों सूरतों में इंसानी जिस्म को मट्टी ही होजाना हैं .

सूरा अंबिया 21 आयत 30

क्या उन लोगों ने इस बात पर ग़ौर नहीं किया कि आसमान और ज़मीन दोनों बनद थे तो हमने दोनों को खोल दिया और हम ही ने जानदार चीज़ को पानी से पैदा किया इस पर भी ये लोग ईमान न लाएँगे (30)

सूरा अलनूर 24 आयत 45
और ख़ुदा ही ने तमाम ज़मीन पर चलने वाले को पानी से पैदा किया उनमें से बाज़ तो ऐसे हैं जो अपने पेट के बल चलते हैं और बाज़ उनमें से ऐसे हैं जो दो पाँव पर चलते हैं और बाज़ उनमें से ऐसे हैं जो चार पावों पर चलते हैं- ख़ुदा जो चाहता है पैदा करता है इसमें शक नहीं कि ख़ुदा हर चीज़ पर क़ादिर है (45)

सूरा निसा 4 आयत 1
ऐ लोगों अपने पालने वाले से डरो जिसने तुम सबको एक जान से पैदा किया और उनकी बाकी मिट्टी से उनकी बीवी को पैदा किया और उन्हीं दो से बहुत से मर्द और औरतें दुनिया में फैला दिये और उस ख़ुदा से डरो जिसके वसीले से आपस में एक दूसरे से सवाल करते हो और क़तए रहम से भी डरो बेशक ख़ुदा तुम्हारी देखभाल करने वाला है (1)

सूरा अलएरफ 7 आयत 11
हालाकि इसमें तो शक ही नहीं कि हमने तुम्हारे बाप आदम को पैदा किया फिर तुम्हारी सूरते बनायीं फिर हमनें फ़रिष्तों से कहा कि तुम सब के सब आदम को सजदा करो तो सब के सब झुक पड़े मगर शैतान कि वह सजदा करने वालों में शामिल न हुआ। (11)

सूरा अबस 80 आयत 19 20

एक नुत्फा से पैदा किया फिर अंदाजो पर रखा (19)
फिर इसका रास्ता आसन किया (20)

पाक परवरदीगर ने साफ और सधे तोर पर इन्सान को पानी की बूंद से पैदा फरमाने का ज़िक्र किया और साएन्सदानों की तहकीकात भी ये साबित करती है के सारी मखलूक पानी से पैदा हुई है .कुरान शरीफ में अदम और हवा को जन्नत से उतरने का ज़िक्र है तो यकीनन दुनिया में आने से पहले वोह लोग जन्नत में थे तो जन्नत में इनका वजूद किया था ? इंसानों का या फरिश्तों का ? पाक परवरदीगर के कानून के अनुसार इन्सान का जिस्मानी वजूद जन्नत का हक नही रखता इन्सान का जिस्म दुनिया में बना है और दुनया में फना होजाता हैं इसलिए हजरत अदम और हवा का जिस्मानी वजूद दुनिया में कायेम हुवा था और इन दोनों के मिलने से काएनात की सारी मुख्लूक की पेदायेश हुई ,

काएनात की सारी मुख्लूक की बुनियाद हे पानी और ये पानी दो गेसों ह्यद्रोजिन (hydrogyn) और ओक्सिजिन (oxygen) से मिलकर बनते हैं और पाक परवरदीगर ने इन दोनों गेसों को फ़रिश्तो को अदम और हवा के नाम से जननत से दुनिया में उतारा ताके मुख्लूक की पेदायेश हो ये नामुमकीन हे के इन्सान की कोख से दूसरी मुख्लूक और दूसरी मुख्लूक से इन्सान पैदा हो और ये इसलिए के हर मुख्लूक का " जेनेटिक करेक्टर " अलग अलग होता है और बढ़ोतरी नस्ल के लिए अंग की तब्दिल्याँ भी अलग अलग हैं .

बुनियादी तोर पर हर मुख्लूक़ पानी से पैदा हुई है और लाखों करोड़ों सालों के रद व अम्ल , मोसम के तुगयेर (बदलाव) और क़ुदरती गर्दिशों के दोरान हर मुख्लूक़ के खद व खाल और बनावट मुख्तलिफ जुग्राफाई (geographi) हालत के तहत होती है तो इस लिहाज़ से हम कह सकते हैं के अदम और हवा का जिस्मानी वजूद इंसानी नही था .

दुनिया में सब से पहली एक खुलिया वाली जान वजूद में औई और इसकी बुन्याद है पानी . जिसतरह इट पर इट जमा कर इमारत की शक्ल इख़्तियार करती है ठीक इसी तरह एक के साथ एक खुलिया मिलकर मुख्लूक की शक्ल इख़्तियार करती है और इस रद व अम्ल के दोरान मुख्तलिफ जुग्रफाई (geography) हालत के तहत अलग अलग कसम की मुख्लूक वजूद में औई .

एक खुलिया वाली जान "मयेकरो स्कोप "(microscrope) से देखि जा सकती है और वोही एक खुलिया वाली जान मुख्तलिफ मराहल से गुजरते हुवे मुख्लूक की शक्ल वजूद में औई और इसका बदलाव का सिलसिला अभी तक जारी है उधारन स्वरुप जिसतरह इन्सान की लम्बाई छोटी हिती जा रही है और इसकी उम्र भी दिन ब दिन कम होती जारही हैं और इस बदलाव के दोरान इन्सान का सर बड़ा और जिस्म छोटा होता जा रहा है .

सूरा अल्हिजर 15 आयत 26

हम ने इन्सान को काली और सड़ी हुई खनखनाती मट्टी से पैदा किया. (26)

सूरा अल्हज 22 आयत 5

लोगों अगर तुमको दोबारा जी उठने में किसी तरह का शक है तो इसमें शक नहीं कि हमने तुम्हें शुरू-शुरू मिट्टी से उसके बाद नुत्फे से उसके बाद जमे हुए ख़ून से फिर उस लोथड़े से जो पूरा हो या अधूरा हो पैदा किया ताकि तुम पर ज़ाहिर करना क्या मुश्किल है और हम औरतों के पेट में जिस को चाहते हैं एक मुद्दत मुअय्यन तक ठहरा रखते हैं फिर तुमको बच्चा बनाकर निकालते हैं फिर तुम अपनी जवानी को पहुँचो और तुममें से कुछ लोग तो ऐसे हैं जो मर जाते हैं और तुम में से कुछ लोग ऐसे हैं जो नाकारा ज़िन्दगी बुढ़ापे तक फेर लाए जाते हैं ताकि समझने के बाद कुछ भी न समझ सकें और तो ज़मीन को मुर्दा देख रहा है फिर जब हम उस पर पानी बरसा देते हैं तो लहलहाने और उभरने लगती है और हर तरह की ख़ुशनुमा चीज़ें उगती है तो ये क़ुदरत के तमाशे इसलिए दिखाते हैं ताकि तुम जानो (5)

सूरा मोमिन 40 आयत 67
वही वह ख़ुदा है जिसने तुमको पहले मिटटी से पैदा किया फिर नुत्फे से, फिर जमे हुए ख़ून फिर तुमको बच्चा बनाकर निकलता है फिर तुम अपनी जवानी को पहुँचो फिर तुममें से कोई ऐसा भी है जो पहले मर जाता है ग़रज़ की तुम मुकर्रर वक़्त तक पहुँच जाओ (67)

इन आयतों में पाक परवरदीगर ने इन्सान को खनखनाती मट्टी पानी की बूंद खून की फटक और बू दार गारे से बनाने का जकर किया है और अज की सयेंसे ने इंसानों के जिस्म में कैल्सियम फॉस्फोरस पोटाशियम अयेरन के अलावाह और भी बहुत सारे अनसार का पता लगाया हैं और ये सारे अनसार मट्टी में सुखी हालत में पाए जाते हैं और खुराक के ज़र्य इन्सान के जिस्म में पोह्चते हैं इंसानी जिस्म का ताक्रीबन्न एक तिहाई हिस्सा पानी से भरा हुवा हैं और वोह पानी खून और खुलिया में जियादा तर मोजूद होता हैं और इसके साथ साथ कुछ अनासर भी पानी के हस्सन में मोजूद हैं सेल के अन्दर cytoplasm Nucleoplasm की शक्ल में पानी के हिस्से भी मोजूद हैं वेसे ही खून के अन्दर केल्शियम, फास्फोरस, मेग्नेजय्म युर्य आयरन और भी कुछ अनासर अलग अलग मिकदार में मोजूद हैं और बाकी हडियाँ और जिस्म का जो सख्त हिससा वोह भी

इन सारे अनासिर से बनते हैं और ये सारे अनासिर अगर मट्टी से निकाले जायें तो इन में बू मिलती है (आयरन को छोड़ कर) और ये सारी बातें जेसे के खनखनाती मिटटी पानी की बूंद बूदार गारा जो पाक परवरदीगर ने कुरान शरीफ में बताया वोह सयेंस की बातें हैं कहानियों का ढेर नहीं और इन सब बातों का साइंटिफिक (scientific) मतलब हैं .

मज़मून 16

मोत के बाद के हालात

इन्सान के पास मोत के बाद के हालात के बारे मं कोई भी मुकमल तह्कीकी जानकारी नही है सिर्फ किताबों के ज़र्य ही मोत के बाद के हालात की जानकारी मिलती है और इस दरयाफ्त को किताबिं के ज़र्य इनसानों तक पोहचाने का मकसद हे इन्सान को सारी उम्र नेकी की राह पर चलाना हे मज़हबी किताब में " जननत व जहुन्म " का ज़िक्र है जननत की रग़ब्त देकर और दोज़ख के अजाब का खोफ दला कर पाक परवरदीगर ने इंसानों को नेक रस्ते पर चलने की तर्गेब (प्रलोभन/फुसलाना) दी और असे चुनने का इख़्तियार भी पाक परवरदीगर ने इन्सान को दिया

मज़हबी किताबों के अनुसार दुनयावी ज़िन्दगी में इन्सान के नेक अमल असे जननत नसीब फरमाते हैं इस बात का कोई सबूत तो नहीं हे लेकिन इस बात पर बगेर सबूत के इमान लाना ही इंसानी समाज के लिए बेहतर है और पाक परवरदीगर का बनाया हुवा हर कानून एक ही मकसद पर आकर खत्म हो जाता है और वोह है इन्सान के नेक अमल और इसकी बदोलत सकून वाली ज़िन्दगी.मोत के बाद वाली ज़िन्दगी की तहकीकात ला हासिल है लेकिन दिनी तोर पर देखा जाये तो पाक परवरदीगर ने अपने थोड़े से राज़ ही इन्सान को नसीब फरमाए इस लिहाज़ से मोत के बाद के हालात के बारे में मज़हबी किताबों में अलग लग कसम की बातें (कहानियाँ) मिलती हैं

यहाँ इस बात को बताना ज़रूरी है के मोत के बाद इंसानी जिस्म का कोई वजूद नही रहता चाहे इसे जलाएं या द्फ्नाएँ मट्टी से बना हुवा जसम मट्टी में समा जाता है और आत्मा यानि रूह की मोत नही होती और वोही जनत या जहन्नुम की हकदार है .

सयेंस की तहकीकात इंसानी जिस्म के साथ साथ इंसानी वजूद के खात्मे की हिमायत करता है लेकिन मोत के बाद के हालात के बारे में अलग अलग किस्म के ख्यालात दुनिया में मोजूद हिने की वजह से इन्सान के सामने मोत के बाद के हालात का कोई ठोस सबूत नही है और दिनी तोर पर ये कहा जा सकता है के मोत के बाद की ज़िन्दगी के बारे में पाक परवरदीगर ने अलग लग खयालात दुनिया में मुकर्र करके इन्सान को अपने राज़ से वंचत रखा और ये सन्देश दिया के दुनयावी ज़िन्दगी के नेक अमल ही इस का नसब अल ऐन हैं .

निबंध 17

इबादत का तारिका और दीन

पाक परवरदीगर इन्सान की इबादत का मोहताज नही जेसे के भगवत गीता में कहा गुया है इन्सान किसी न किसी ज़रुरत या ख्वाहिश के तहत चाहे वोह जननत की ही कियूं न हो इबादत करते हैं फिर भी जो ज्ञानी यानी इल्म वाले इन्सान जिन्हें हक की पहचान हे वोह अपने अम्ल के ज़र्य इबादत कायेम करते है और ऐसे इन्सान कसी तोर तारिका या किसी बन्द्श के मोहताज नही हैं .

गीता अधाये 7 श्लोक 15 16 17

जो पूरा तरह बेवकूफ हैं जो इन्सान में कमतर हैं जिन का ज्ञान माया का शिकार हो गया है और जी गुनाहगारों की नास्त्क प्रक्रति को अपनाने वाले हैं ऐसे पापी गुनाहगार मेरो शरण नही लेते (15)

चार तरह के इन्सान मेरी भगती करते हैं यानि मुसीबत जदाह दोलत की ख्वाहिश रखने वाले इलम की तलाश करने वाले और गायनी यानि अलीम (विद्वान्) (16)

इन में से जो ज्ञानी हे और जो शुद्ध भगती में लगा रहता है वो सब से श्रेष्ट है कियूनके में असे प्यारा हूँ और वोह मुझे पियारा (17)

गुनाहगार इसनान यानि असुर जो पाक परवरदीगर के वजूद को ठुकरा कर और अपनी खुवाहिशत में अंधे हो कर इन्सान और इनसनिय्त को नुकसान पोहंचा कर समाज में ब्दस्कुनी फिलाते हैं इस किस्म का इनसन किसी भी सूरत में नेक यानि इमांन वाला नही हो सकता चाहे वोह कितना ही इबादत का ढोंग कियूं ना रचये .

ज्ञानी इन्सान जो पाक परवरदीगर के हक को पहचान लेते हैं इनके लिए इबादत का तरीका कुछ माने नही रखता और हक तो ये है इबादत के लिए कोई विशेष तारिका भी नही है और मुकर्र शुदा कोई भी तरिका नेक अमल के बगेर ऐसा है जेसे कोई कीचड़ में इमारत खड़ी करने की कोशिश कर रहा हो और गोर करने वाली बात ये है के किसी भी मज़हबी किताब में इबादत का तारिका नही बताया हर मज़हबी किताब ने इबादत के लिए नेकी मोहब्बत इंसानियत परहेज़गारी अदम ताशदुदुद और अमन का तारिका ही चुना लेकिन इसके बावजूद भी इंसानों के दरमियान कुछ इबादात के तारेके रायेज हैं और इन्सान इबादत की बुनियाद को छोड़ कर इन तरीकात के पीछे भागते हैं हेरत की बात है के इन सारे इबादात के तरीकात के ऊपर रसूलों का नाम जोड़ कर इनके असूल और अमल को भुला कर इन्हें भी तनक़ीद का निशाना बनाया

ओंर तनक़ीद करने वालों से मीरा सवाल है जिस तरिके से भी वोह इबादत करते हैं किया वाकये वोह इन तरीकों से पाक परवरदीगर को याद कर सकते हैं और इन तरीकात से इंसानि समाज या इन्सान को अज तक किया फायेदा पोहंचा . किया सिर्फ इबादत करने से जनत की पाक राह हासिल हो सकती हे ?

इबादत के तरीकात जी आज की दुनिया में रायेज हैं वोह इन्सान और इंसानियत के खिलाफ नफरत फेलाने का ज़र्य हैं इबादत का तरीका और मज़हबी रस्म व रवाज सिर्फ इन्सान की जेहनी तसली के सिवा और कुछ नही और ये इंसानों के बनाए हुवे तरीकात हैं ? पाक परवरदीगर का हक नहीं . पाक परवरदीगर का हक तो ये है के वोह इंसानों से अतना चाहते हैं के वोह अपने नेक अमल से अमन व अमान की ज़िन्दगी और समाज कायेम करें और पाक परवरदीगर की कायेम शुदा खुबसुरत दुनिया का लुत्फ़ उठाऐन .

सूरा बकरा 2 आयत 139 148 177
तुम उनसे पूछो कि क्या तुम हम से ख़ुदा के बारे झगड़ते हो हालाँकि वही हमारा भी परवरदिगार है तुम्हारा भी हमारे लिए हमारी कारगुज़ारियाँ और तुम्हारे लिए तुम्हारी कारसतानियाँ और हम तो निरेखरे उसी के हैं (139)
और हर फरीक़ के वास्ते एक सिम्त है उसी की तरफ वह नमाज़ में अपना मुँह कर लेता है बस तुम झगड़े को छोड़ दो और नेकियों मे उन से आगे बढ़ जाओ तुम जहाँ कहीं होगे ख़ुदा तुम सबको अपनी तरफ ले आऐगा बेशक ख़ुदा हर चीज़ पर क़ादिर है (148)
नेकी कुछ यही थोड़ी है कि नमाज़ में अपने मुँह पूरब या पश्चिम की तरफ़ कर लो बल्कि नेकी तो उसकी है जो ख़ुदा और रोज़े आख़िरत और फरिश्तों और ख़ुदा की किताबों और पैग़म्बरों पर ईमान लाए और उसकी उलफ़त में अपना माल क़राबत दारों और यतीमों और मोहताजो और परदेसियों और माँगने वालों और लौन्डी ग़ुलाम में सर्फ करे और पाबन्दी से नमाज़ पढ़े और ज़कात देता रहे और जब कोई एहद किया तो अपने क़ौल के पूरे करे और फ़क्र व फाक़ा रन्ज और घुटन के वक़्त साबित क़दम रहे यही लोग वह हैं जो दावे ईमान में सच्चे निकले और यही लोग परहेज़गार है (177)

सूरा अल्ह्ज 22 आयत 67
हमने हर उम्मत की इबादत के वास्ते एक तरीक़ा मुक़र्रर कर दिया कि वह इस पर चलते हैं फिर तो उन्हें इस दीन में तुम से झगड़ा न करना चाहिए और तुम अपने परवरदिगार की तरफ़ बुलाए जाओ बेशक तुम सीधे रस्ते पर हो (67)

सूरा मायेदा 5 आयत 48
और हमने तुम पर भी बरहक़ किताब नाज़िल की जो किताब उसके वक़्त में मौजूद है उसकी तसदीक़ करती है और उसकी निगेहबान है जो कुछ तुम पर ख़ुदा ने नाज़िल किया है उसी के मुताबिक़ तुम भी हुक्म दो और जो हक़ बात ख़ुदा की तरफ़ से आ चुकी है उससे कतरा के उन लोगों की ख़्वाहिशे नफ़सियानी की पैरवी न करो और हमने तुम में हर एकके रासता एक शरीयत और ख़ास तरीक़े पर मुक़र्रर कर दिया और अगर ख़ुदा चाहता तो तुम सब के सब को एक ही उम्मत बना देता मगर ख़ुदा का मतलब यह था कि जो कुछ तुम्हें दिया है उसमें तुम्हारा इम्तेहान करे बस तुम नेकी में लपक कर आगे बढ़ जाओ और तुम सब को ख़ुदा ही की तरफ़ लौट कर जाना है (48)

1) आयत नम्बर 2/139 में पाक परवरदीगरने इलान किया है के वोह सब का मालिक हैं और अनके मामले में किसी कसम का फितना फसाद जाएज़ नही है

2) आयत नम्बर 22 / 67 में पाक परवरदीगर ने फरमाया तरीकात इबादत केसे ही कोयूं न हों पाक परवरदीगर को कोई फर्क नही पड़ता कियूनके वोह दुनिया के जरे जरे में है

3) आयत नम्बर 2 / 177 के अनुसार नेकी की बुनयाद हे अल्लाह और कयामत ,फ़रिश्ते , किताबों और रसूलों पर इमां लाने पर हैं और इसकी वजह ये है .

अलिफ़ ! अल्लाह और क़यामत : पाक परवरदीगर ने अपने आपको ज़ाहिरी तोर पर कभी भी नही पेश किया सिर्फ आम इंसानों के लिए इनकी मोजुदगी का एहसास ही काफी है और ये एहसास ही असे गुनाहों से रोक कर समाज को पाक व साफ बनाते हैं इसलए अनके अद्रिश वजूद पर इमान लाना इन्सान का पहला फर्ज़ है दुनिया और दुनिया की हर मुकर्र शुदा चीज़ फानी है और इस हक पर इमान लाने का मकसद इन्सान अपनी ख्वहिशत नफरत लालच हसद , घमण्ड और गुस्से पर काबू पाए .

कुरानी हुक्म के अनुसार हर कोई अपने अपने इबादत के तरीकात और रसूलों को मान कर चले और एकदूसरे के रसूल को बड़ा या छोटा ठहराने की कोशिश ना करे कियूनके ये हक पाक परवरदीगर ने किसी भी इन्सान को नही दिया किसी भी किताब या रसूल और अनके तरीकात को बुरा भला कहने का हक या ज़रुरत इन्सान को नही इसलए तमाम इंसानों से मेरो गुज़ारिश है के कुरानी आयत 2 / 177 पर ठीक से गोर फरमाएं और इसे अपनी अमली ज़िन्दगी में शामिल कर लें .

ब ! किताबें और रसूल : इंसानों के दरमियाँन इख्ल्लाफत और नफरत मिटाने के लिए ही पाक परवरदीगर ने सब रसूलों और तमाम किताबों पर इमान लाने के लिए कहा और इस सिलसले में कुरान शरीफ की सूरा 5 की आयत 48 में पाक परवरदीगर ने साफ तोर पर इलान किया है के दुनिया में सारे मंज़ूर शुदा तरीकात इबादत उन्हों ने ही मुकर्र किये हैं और हम इंसानों को किसी भी तरिका इबादत या किसी भी रसूल या किसी भी किताब से नफरत या असे मनसुख करने का कोई हक नही पाक परवरदीगर के सारे तरीकात इबादत का तजज़िया करना इन्सान के बस में नही हे और जो ये कम करते हैं वोह यकीनन पाक परवरदीगर के हुक्म के खिलाफ वर्जी हैं और समाज में नफरत फसाद और ब्द्स्कुनी की बुनियाद डालते हैं और पाक परवरदीगर नफरत और फसाद से राज़ी नही . कुरान शरीफ की आयतों से ये भी साफ ज़ाहिर होता है के कोई भी इबादत का तरीका नेकी से बढकर नही और सब से उम्दाह तरिका इबादत है मुख्लूक की खिदमत और हर वक्त पुर अमन व अमान . इन्सान इबादत के ऐसे तरिके को अपनाये जिस से किसी भी मुख्लूक को तकलीफ न हो और न ही तहज़ीब की रफ्तार पर रुकावट बने .

गीता अधयाए 6 शलोक 7

जिस ने मन को जीत लिया उस ने पहले से ही परमात्मा को पा लिया कोयूनके इस ने शान्ति को पा लोया और ऐसे व्यक्ती के लिए दुःख सुख , गर्मी सर्दी , इजत जील्त सब बराबर है .

सब से बेहतरीन इबादत का तारिका है के मन को काबू में रखकर अपने आपको गुनाहों से आज़ाद रखना और हमेशा अमन व सकून कायेम रखना और इस पैग़म को लोगों तक पहुंचना हर नेक इन्सान का कर्तव्या है .

चिंतन करना (1)

सुरह इमरान 3 आयात 7

वही अल्लाह ताला है जिस न तुम पर किताब उतारी जस म मज़बूत आयात है जो कताब क असल हैं और बाज़ मुताशाबा हैं पस जिसके दलों म कजी है वोह इस की मुताशाबा आयातों क पीछे लग जाते हैं फितने की तलब म और ओंकी मुराद की तलाश म हालांके अनकी हकीकी मुराद को सिर्फ अल्लाह ही जानते हैं कोई दोसरा नहीं जनता और मज़बूत इमान वाले कहते हैं क हम तुम पर इमान ला चुके और ये हमारे रब की तरफ से है और नसीहत तो सिर्फ अक़लमंद ही हासिल करते हैं .

सूरा रोम 39 आयत 23

अल्लाह न ओतारी सब से अछि किताब अवल स आखिर एक सि है दोहरे बियान वाली इस से बाल खडे होते हैं उनके जो अपने रब से डरते हैं फिर इन की खालें और दिल नरम पडते हैं याद खुदा से जीस में अल्लाह कि हिदायत है राह देखाए जिसे चाहे और जिसे अल्लाह गुमराह करे इसे कोई राह देखाने वाला नहीं .

कुरान की सूरा 3 की आयात 7 में पाक परवरदीगार ने स्पष्ट बताया " वज़ह मज़बूत आयतें जो कितब की असल हैं और बाज़ मुताशाबा " इस सिलसिले म कुरान की साफ़ और असल आयतें इंसानी हकूक और इंसानी फयेदे के लिए नाजिल की गुई हैं और साथ साथ कुछ आयातों को मुश्ताबा (यानि शक व शुबा वाली) करार दिया गया है और असकी वशेष कारन है के पाक परवरदीगर ने शैतान से वादा किया था कि कयामत तक इसके मुनक्रों पर ग़ालिब रखने का और ईसी कारन कुरान शरीफ की बहुत सारी आयतें जीन का मतलब रहस्ये कि तोर पर पेश किया गया है .

उधारण स्वरुप " तुम्हारी ओरतें तुम्हारी खेतयां है और अपनी खेती म जिस तरह चाहे अओ और अपने लिए आगे भेजो और अल्लाह से डरते रहो और जान रखो के तुम सब ऊस से मिलने वाले हो और इमान वालों को खुशखबरी सुना दो . इस आयत में (2 / 223) सिर्फ ओरत कहकर सारी ओर्तों की सुरक्षा का आदेश दिया है यानि जिस तरह खेती की सुराख्षा करने से अछि फसल मिलती है ठीक इसी तरह घर की ओर्तों की सूरख्षा और शिक्षा से नेक और अच्छी नस्ल की बुन्याद होती है . अरबी जुबान में " नसा " का मतलब ओरत और ओरत से मुराद माँ बहेन बीवी और बेटी जो एक मर्द की पनाह म रहती हे .

अगर इस आयात को शैतानी पहलू से देखा जाये तो यकीनन इस आयात में ओरत से मुराद हे बीवी और जिस तरह चाहे इस्तेमाल करने की इजाज़त है किया कोई नेक ओरत अपने अप को इस तरह और बी इजत और गंदे तारिका से इस्तमाल होने पर गर्व महसूस करेगी ?

यह सवाल कसी ओरत या बाप या कसी भाई से कर के देखें ? किया ये लोग अपनी बहन बेटी या माँ को चीजों की तरह गंदे और बे इज्ज़त तरीकों से इस्तमाल होते हुवे बर्दाश्त कर सकते है ? और सब से वशेष बात यह है कुरान शरीफ की आयातों की जो तस्दीक पाक परवरदीगर के कानून क विरुद्ध है उसे इंसानों ने खुद ही मनसूख कर दिया फिर सवाल ये अता है की पाक परवरदीगर इन आयातों को सीधे तोर पर कियूं नहीं पेश किया और पेह्लियों के तोर पर कियूं छोड दिया ?

इन्सान को पाक परवरदीगर ने सरव श्रेष्ट दिमाग़ दिया और सोचने समझने की ताकत दी जो समस्त प्राणियों से श्रेष्ट है और इसके साथ साथ हर तरह की सुख सुभेदा भी प्रदान की इन्सान के सामने नेकी और बदी को रखकर एक तरफ इन्सान की वीरान और एक्सां जिंदगी से निजत दी और दूसरी तरफ नेकी और बदी के फेसले के लिए उत्तम मस्त्छ दिया और कुरान शरीफ म भी बार बार ताकीद की " अक्लमन्दों के लिए

आयातों की गहराई समझना आसान है " निशानियाँ हाँ जाननी वालों क लिए / निशानियाँ हैं सुनने वालों के लिए / निशानयाँ हैं अक्ल वालों के लिए "

गंदे जहन वाला इन्सना आयतों की गलत तस्दीक करके आपस में फितना फसाद की बुनियाद डालते हैं .

चिंतन करना (2)

सूरा मायेदा 5 आयात 51 / 82

ए इमान वालों यहूद और नुसरा को दोस्त न बनाव वोह आपस म एक दुसरे क दोस्त हैं और तुम म जो कोई इन से दोस्ती करेगा तो वोह इन्ही म से है बेशक अल्लाह बेइन्सफों को रह नहीं देता(51)

ज़रूर तूम मुसलमानों का सब से बढकर दुश्मनी में यहूदियों और मुशरिकों को पाओगे और ज़रूर तुम मुसलमानों की दोस्ती म सब से जियादा करीब अन्को पाओगे जो कहते हैं हम नुसारा हैं और ये इसलिए की इन में अलीम और दरवेश हैं और वोह गरूर नही करते (82).

इन दोनों आयतों म नुसरानियों को कभी दोस्त और कभी दुशमन के तोर पर पेश किया गया है पाक परवरदीगर ने इन दोनों आयतों के जरया खुफिया पैग़ाम दिया है और वोह है (1) कसी कोम के गलत और गुनाहगार इन्सान से दोस्ती न करो (2) और अलीम और दरवेश कसी भी कोम के कियूं न हों ईन्को दोस्त की हेसियत देनी चाहिए .

पहली आयात म यहूदी और नस्रानियों को एक दुसरे का दोस्त कहा गया है और दूसरी आयात म मसलमानों की दोस्ती म नुसरानियों को दोस्त बनाया गया है तो दोस्त क दोस्त या दोस्त के दुशमन को इस नज़र से देखना चाहिए और दोस्ती पाक परवरदीगर की पसंदीदा चीजों म से एक चीज़ है अच्छे ख़यालात वाले इन्सान इंसानियत भाई चारह वाली ज़हिनियत के लोग अलीम और मकमल इमान वाले तमाम लोग एक दुसरे के दोस्त हैं और यही वर्तमान दुनिय का असूल है और इस असूल को दुनिया के ज़ियादो से ज़ियादो लोगों ने इख़्तियार किया .

अमाल की बुनियाद पर दोस्त और दुश्मन का फेसला इन्सान खुद कर लेता है .

आयातों की गलत तस्दीक इंसानों के दरमियन नफरत की बुन्याद पैदा करती है और पाक परवरदीगर के रहम व कर्म से मुझे आयातों का मतलब नसीब हूवा और में चाहूँगा के नेक जहन वाले इन्सान जसे पाक परवरदीगर ने सोच और समझ अता फरमाई है वोह मोजूदा समाज इंसानियत और आयतों की रौशनी म मेरे ख़यालात का फेसला करें .

चिंतन करना (3)

सूरा बकरा 2 आयात 19

या जेसे असमान से अतरता पानी के इस म अन्धेरयाँ हें और गरज और चमक अपने कानो म उँगलियाँ डाल रहे है कडक के सबब मोत क डर से और अल्लाह काफ्रों को घेरे हूवे है .

इस आयात म " असमान से अतरता पानी " का मतलब पाक परवरदेगार की तमाम कुदरती चमतकार जो इन्सान के फैदे की लिए दुनिया म मोजूद हैं और इस में खास तोर पर पाक परवरदेगार की हदायत जो किताब की शक्ल म दुनिया म मोजूद है और इस म कुछ गेब हैं और कुछ डर बताने वाली बातें और कुछ ऐसी हिदायत जो इन्सान को सकून देती हैं और गुनाहगार इन्सान पाक परवरदीगर की रोशन हिदायत को न मानने के सबब अज़ाब के खोफ से कानों म उँगलियाँ डाल राखी हैं और पाक परवरदीगर अपने नाफ्रमानों को बदसकूनी की ज़िन्दगी देकर अपनी अज़ाब के दायरे में घेर रखा है इस आयत म वर्ष के साथ पाक परवरदीगर की रहमत की तूलना की गुई है .

चिंतन करना (4)

सूरा बकरा 2 आयत 28

भला तुम कीयूकर खुदा के मुनकर होगे तुम मर्दों (जहन) थे इस ने तुम्हे (जहन) जलाया फिर तुम्हे मोत देगा फिर तुम्हे ज्ल्येगा और फर इसकी तरफ लोट जाओगे .

तुम कियूं नही खुदा के हुकम की तामील करोगे जब के तुम्हारा जान मर्दों था इस ने तुम्हारे जान को रोशन किया फिर तुम्हारी मोत अयर्गी फिर तकलीफ और बद सुकूनी देगा तुम्हारे गुनाहों के सबब तकलीफ से नजात के लिए अंत में पाक परवरदीगर की रह इख़्तियार करनी होगी इस म ही निजत है .

चिंतन करना (5)

सूरा बकरह 2 आयात 34

और जब हम ने फरिश्तों को हुकुम दिया के अदम को सजदा करो तो सब ने सजदा किया सिवाए इब्लीस ने के मुनकिर हूवा ग़रूर किया और काफरों म हो गया .

सारे फरिश्तों ने पाक परवरदीगर के आदेश के अनुसार इन्सान को सजदा किया कियूनको इन्सान के अन्दर पाक परवरदीगर की रूह (नूर) मोजूद थी लेकिन फ़रिश्ते इब्लीस ने अहंकार में अंधे हो कर नाफ्रमानी करते हूवे इन्सान को सजदा करने से इंकार किया और काफ़िर का दर्जा हासिल हूवा .

विशेष ! इस आयात के अनुसार काफरों की दो विशेष सिफत (1) अहंकार (2) और अल्लाह के हकम की नाफरमानी .

चिंतन करना (6)

सूरा बकरा 2 आयात 35 / 36 / 37

और हम ने फरमाया ए अदम तुम और तेरी बीवी इस जनत म रहे और खाये इस में से बे रोक टोक जहाँ तुम्हारा दिल चाहे मगर इस दरख्त के पास ना जाना के हद से बढ़ जाने वालों म से हो जाओगे तो शैतान ने इस से इन्हें लगजिश दी और जहाँ रहते थे वहां से अन्हे अलग कर दिया और हम ने फरमाया नीचे अतरो " आपस म एक तुहारा दुसरे का दुश्मन " और तुम्हें एक वक्त तक जमीन में ठरना और बरतना है फिर अदम ने सीख लिए अपने रब से कुछ कलमे तो अल्लाह ने इनकी तोबा कबूल की बेशक वोही तोबा कबूल करने वाला मेहरबान .

(अल्फ) जननत में शैतान की मोजुदगी (ब) जननत से इन्सान को दुनया में उतरा (त) जननत की मट्टी से इन्सान का जन्म हूवा .

इस आयत के बर्तमान अनोवाद के अनुसार बहुत सवाल खड़े हो सकते हैं और उन में विशेष सवाल ये हैं .

जननत में भी ऐसा पेड़ है जस में शैतान मोजूद हैं तो किया शैतान जननती है ?

पाक परवरदीगर की नाफरमानी और अहंकार के कारण शैतान को जननत से निकाला गया तो जननत म शैतान का वजूद(पेड़) कहाँ से आया ?

इस पेड़ के बारे में मुख्ल्फ़ बियनों में कहीं गंदम और कहीं सेब का ज़िकर है लेकिन कुरान शरीफ में उसे पेड़ कहा गिया है इस आयत में " आपस में एक तुम्हारा दुसरे का दुश्मन " कहा गिया है तो कोन किस का दुशमन ?

आयत के अनुसार हजरत अदम ने पाक परवरदीगर से कुछ कलमे सीखे वो किया हैं ?

सवालों के अनुसार बर्तमान अनुवाद अंधी एकिद्त की बुन्याद पर टका हूवा है लेकन इस्लाम और रसूल पाक के आदर्श के अनुसार अंधी अकीदत शर्क में शुमार होती है इस लिहाज़ से हजरत अदम और अममा हूवा को सीधे तोर पर जननत में रहने वाले फरिश्तों का दर्जा दिया गया है और इन्सान की पैदाएश के बारे में कुरान शरिफ्फ़ की आयातों और वोज्ञान की तहकीकात पर गोर करने से ये परमान होता है के इंसानी जसम दुनिया म ही वजूद म आया है और इसकी शुरुएअत है पानी यानि H2O तकरीबन 108000 साल पहले सूरज से निकली हूई दुनिया ठंडी होने के बाद पानी वजूद में आया और पानी से ही दुनिया की कदीम एक खुलिया वाली जान बनी और सालों बाद बहुत सारे खुलीयो से मलकर मखलूक की शक्ल की तखलीक हूई. ह्यद्रोजिन और अक्सेजन ये दोनों गेसे 2: 1 के तनासब से मलकर पानी बना और यही पानी मुखलूक की बुनियाद है

इस लिहाज़ से में कह सकता हूँ के ह्यद्रोजिन और आक्सीजन दोनों ही जननत के फ़रिश्ते थे और दुनयावी नाम अदम और हवा के नाम से मनसूब हूवे

जननत म इंसानी फ़रिश्ते यानि अदम और हवा के साथ साथ शैतानी फरश्ते इब्लीस की रूह को भी मुकर्र किया गया और इसे पाक परवरदीगर ने इंसानों को समझाने की लिए " पेड़ " को बतूर अलामत पेश किया और इंसानी रूह के फ़रिश्ते की साथ शैतानी रूह के फ़रिश्ते को भी जन्नत से दुनिया में उतरा गया इसलिये हर इन्सान के अंदर ही शैतान के वजूद की बुनियाद है और कयामत के वक्त तक इंसानी वजूद की साथ साथ शैतानी वजूद का भी अंत हो जायेगा .

नोट ! सिर्फ इंसानी रूह की पेदएश जननत म हूई है और इंसानी जसम का वजूद दुनिया की मट्टी से बना . किरदार के तोर पर आक्सीजन और ह्य्द्रोजें एक दुसरे के विपरित हैं और इस लिहाज़ से कुरान शरीफ की

इस आयत में " एक दुसरे का दुशमन " कहा गिया है और जब यह दोनों आपस में मलते हैं तो " पानी की बूँद " की सष्टि होती है .

इस आयत म कुछ कलमे सिखने का मतलब !

बर्तमान सोच के अनुसार हजरत अदम को रसूल पाक के वसीले से माफ़ी मिली यह रवायत पूरी तरह कुरान के खिलाफ बे बुनियाद और ग़ैर अकली हैं और पाक परवरदीगर के असूलों के भी वरूध है . मज़हबी किताबों के अनुसार हर जान को अपने करमों की सज़ा और जज़ा खुद भगतनी पड़ती है और समस्त रसूलों ने बराह रास्त पाक परवरदीगर और इनकी हिदायत को ही वसीला माना इस लिहाज़ से इन्सान के लिए नेकी सिखाने वाला रसूल होता है और वो नेकी का सबक रसूलों को पाक परवरदीगर की तरफ से हासल होता है . इसतरह पाक परवरदीगर की तरफ से कुछ नेकी के रास्ते इन्सान के जेहन में डाले गये हैं ताकी इसे सकून हासिल हो और इस रह के कुछ तरीकात के कामों का जक्र इस आयत में किया गया है गोर फरमाएं इंसानों की जज़ा और सज़ा का फेसला उसके अमल पर निर्भर है और ये कानून ज़ुबानी कुछ कलमे पढ़ लेने से बदल नही जाता .

सूरा बकरा की दूसरी आयत जस में कहा गया है के हजरत अदम ने अपने रब से कुछ कलमे सीखे जो अर्श इलाही पर लखे हूवे थे और इन कलमों की वजह से इन्हें माफ़ी मली की रावयेत इस आयत से पूरी तरह गलत साबित होती है हजरत अदम ने सीधे तोर पर कुछ कलमों से मुराद इन्सान के जीने के कुछ वशेष तारीके सीखे जो इन्सान को जिस्मानी और रूहानी ख़ुशी के साथ साथ सुख चैन की ज़िन्दगी देते हैं .

चिंतन करना (7)

सूरा बकरह 2 आयत 60

और जब मूसा ने अपनी कोम से पानी मांगा तो हम ने फरमाया ऐ मूसा इस पथर पर अपना असा मार तो इस में से बारह चश्मे बह निकले हर वर्ग ने अपना घाट पहचान लिया खाव और पीओ खुदा का दिया और जमीन में फसाद उठाते ना फेरो .

जब मूसा ने अपनी कोम से पानी (हिदायत) माँगा तो हम ने फरमाया इस पथर (मुर्दाह) समाज पर अपनी असा (रोशन हिदायत) मारो तो इस में बारह चश्मे (मानने वाले) बह निकले और हर ग्रोह (इन्सान) ने अपना अपना घाट (मकसद) पहचान लिया खाओ और पियो (अल्लाह की हिदायत) खुदा का दिया और जमीन में फसाद उठाते न फेरो .

